Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to introduce Toy Train between Mussoorie and Dehradun - Laid

श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाह (टिहरी गढ़वाल): मैं, केन्द्र सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र के टिहरी गढ़वाल, उत्तराखण्ड की ओर दिलाना चाहती हूँ। मसूरी उत्तराखण्ड सहित देश का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। यहाँ पूरे वर्ष देश-विदेश के लाखों पर्यटकों का आना-जाना लगा रहता है। मसूरी को पहाड़ों की रानी भी कहा जाता है। देहरादून-मसूरी के बीच टॉय ट्रेन चलाने की मांग यहाँ के स्थानीय निवासी तथा व्यापारी पिछले कई वर्षों से मांग कर रहे हैं। अभी देश के पाँच प्रमुख पर्यटन स्थलों में टॉय ट्रेन चलती है। विशेषकर उत्तराखण्ड के पड़ोसी राज्य हिमाचल के प्रमुख पर्यटन स्थल शिमला-कालका के बीच टॉय ट्रेन चलती है। मसूरी-देहरादून के बीच टॉय ट्रेन चलाने से स्थानीय लोगों तथा व्यापारियों को इसका लाभ मिलेगा। इससे देश-विदेश के और अधिक पर्यटक मसूरी घूमने आएगें।

अत :मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि उत्तराखण्ड के पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने के लिए मसूरी-देहरादून के बीच टॉय ट्रेन चलाने की कार्ययोजना तैयार कर स्वीकृति देने का कष्ट करें।